गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

(टिप्पणियां एवं आदेश)

उपाध्यक्ष

कृपया नन्दग्राम योजना में खसरा सं0–96 व 97 ग्राम नूरनगर के भूखण्डों के विकास कार्य हेतु प्राप्त निविदाओं पर निविदा समिति द्वारा दिनांक 28.08.2025 को विचार–विमर्श किया गया। अभियन्त्रण जोन द्वारा अवगत कराया गया है कि उपरोक्त कार्य हेतु आगणन धनांक रू० 3,60,35,302.00 की स्वीकृति नोट पृष्ठ संख्या–18 पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 29.01.2025 को प्रदान की गई।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अवगत कराया गया है कि कार्य हेतु प्रथमबार ई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन प्राधिकरण वैबसाइट, हिन्दुस्तान एवं नव भारत टाईम्स दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 07.02.2025 को प्रकाशित कराते हुए निविदा की अवधि विस्तारित कर दिनांक 28.03.2025 को निविदा की तकनीकी बिड खोली गई, जिसमें उपरोक्त कार्य हेतु कुल 03 निविदाएं प्राप्त हुई, जिसमें से मात्र 01 ही निविदा अर्ह प्राप्त होने एवं ई–निविदा में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा न होने के दृष्टिगत प्राप्त ई–निविदा को निरस्त करते हुए पुनः ई–निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति नोट पृष्ठ संख्या–24 पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 09.05.2025 को प्रदान की गई।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अवगत कराया गया है कि कार्य हेतु द्वितीय बार ई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन प्राधिकरण वैबसाइट, हिन्दुस्तान एवं नवोदय टाईम्स दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 16.05.2025 को प्रकाशित कराते हुए दिनांक 18.06.2025 को निविदा की तकनीकी बिड खोली गई, जिसमें उपरोक्त कार्य हेतु कुल 03 निविदाएं प्राप्त हुई, जिसमें से अर्हता प्राप्त दोनों निविदादाताओं की तकनीकी बिड की स्वीकृति के साथ वित्तीय बिड खोले जाने की स्वीकृति पूर्व पृष्ठ सं0–32 पर दिनांक 05.08.2025 को प्रदान की गयी। स्वीकृति के क्रम में दोनों अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड जोन द्वारा दिनांक 11.08.2025 को खोली गयी, जिसमें से सर्वनिम्न निविदा मै0 मार्डन इन्जीनियरिंग एसोसिएट्स की धनांक रू० 2,92,61,887.11 की प्राप्त हुई है, जो बी०ओ०क्यू० धनराशि से 4.18 प्रतिशत निम्न है। 18.00 प्रतिशत जी0एस0टी जोडते हुए निविदा की धनराशि धनांक रू0 3,45,29,026.79 आती है। अभियन्त्रण जोन द्वारा 18.00 प्रतिशत जी0एस0टी0 जोड़ते हुए जस्टीफिकेशन तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, जो रू0 3,60,35,302.43 आंकलित है। इस प्रकार सर्वनिम्न निविदा न्यायोचित धनराशि से 4.18 प्रतिशत निम्न है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा प्राप्त निविदा, बी0ओ0क्यू0 धनराशि से 4.18 प्रतिशत निम्न होने के कारण शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2 ऑडिट/08टी0सी0 दिनांक 08 जून, 2012 के अनुसार बी.ओ. क्यू. धनराशि का 2.090 प्रतिशत अर्थात रू0 6,38,000.00 की अतिरिक्त परफारमेन्स गारन्टी ठेकेदार से ली जानी प्रस्तावित की गई है। गणना की जांच पूर्व पृष्ठ सं0–38 पर की जा चुकी है।

अतः उपरोक्तानुसार पूर्व नोट पृष्ठ सं0–36 पर अधिशासी अभियन्ता जोन–1 की अनुशंसा एवं नोट पृष्ठ संख्या–38 पर सहायक अभियन्ता–तकनीकी की आख्या के क्रम में उपरोक्त कार्य हेतु प्राप्त निविदाओं में से सर्वनिम्न निविदादाता मै0 मार्डन इन्जीनियरिंग एसोसिएट्स की निविदा धनांक रू0 2,92,61,887.11 + 18.00 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 52,67,139.68 कुल रू0 3,45,29,026.79 (रूपये तीन करोड़ पैंतालिस लाख उनतिस हजार छब्बीस व उनासी पैसे मात्र) जो बी0ओ0क्यू0 धनराशि तथा न्यायोचित धनराशि से 4.18 प्रतिशत निम्न है, की स्वीकृति के साथ–साथ अतिरिक्त परफारमेन्स गारन्टी रू0 6,38,300.00 (रूपये छः लाख अडतिस हजार तीन सौ मात्र) लिए जाने की स्वीकृति हेतु निविदा समिति द्वारा संस्तुति की जाती है।

(सुधीर कुमार पाण्डेय) सहायक अभियन्ता तकनीकी | (बृजनन्दन गुप्ता) अधिशासी अभियन्ता जोन–1 | (आलोक रंजन) प्रभारी मुख्य अभियन्ता | (ए0के0 वाजपेई) वित्त नियंत्रक | (राजेश कुमार सिंह) सचिव

28/8/25   28.08.25

+ VC Sir

4/9/25

राजेश कुमार सिंह
सचिव

अतुल वत्स
उपाध्यक्ष
गा० वि० प्रा० गाजि०

968/EE1
15/9/2025